## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–10.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रांची दौरे के दूसरे और आखिरी दिन आज कांके में सीसीएल के सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दो सौ बेड वाले इस अस्पताल का निर्माण स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इसके बाद श्री रेड्डी ने इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास की भाजपा में वापसी हो गयी है। उन्होंने आज रांची स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत भाजपा के कई नेता मौजूद रहे। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद श्री दास ने धर्मांतरण के खिलाफ अभियान चलाने की घोषणा की।

******************

दुमका जिले में भी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों और आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा जागरूकता रथ निकाली गयी है। उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने हरी झंडी दिखा कर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने अपील की कि सभी लोग सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत रहें।

******************

शैक्षणिक और कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत बेल्जियम के 27 छात्र–छात्राओं का एक दल रांची के डोरंडा स्थित संत जेवियर्स स्कूल पहुंचा। इस दौरान स्कूल में एक आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल होकर बेल्जियम के छात्र–छात्राओं ने झारखंड की भाषा संस्कृति और जीवन दर्शन की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सेंट जेवियर्स स्कूल डोरंडा के चेयरमैन फादर अजीत खेस ने बताया कि भारत और बेल्जियम के बीच कल्चरल और शैक्षणिक एक्सचेंज कार्यक्रम की पुरानी परंपरा रही है।

******************

हजारीबाग जिले में वन विभाग, खनन विभाग और पुलिस की टीम ने अवैध कोयला खदानों पर कार्रवाई की है। बड़कागांव वनक्षेत्र में 10 अवैध कोयला खदानों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें डोजरिंग किया गया और एक मोटर जब्त की गई। साथ ही, अवैध खदान मालिकों पर मामला दर्ज किया गया है। जिले के पश्चिमी सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार ने कहा कि अवैध खदानों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

******************

केंद्र सरकार के पीएम जनमन योजना के तहत जनजातीय कल्याण की दिशा में गुमला जिला प्रशासन ने दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले जनजातियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए महा अभियान की शुरुआत की है। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

लोहरदगा जिले में एडीजे वन अखिलेश कुमार तिवारी की कोर्ट ने एक बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के दोषी इंदर उरांव को फांसी की सजा सुनायी है। यह अमानवीय घटना जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र के आर्या गांव में हुई थी।

********समाप्त**********